सूचनाओं का स्वचालित विनिमय

drishtiias.com/hindi/printpdf/india-gets-first-tranche-of-swiss-account-details

प्रीलिम्स के लिये:

स्वचालित विनिमय कार्यक्रम (AEOI), सामान्य रिपोर्टिंग मानक (CRS), आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)

मेन्स के लिये:

काला धन और भारतीय अर्थव्यवस्था, समानांतर अर्थव्यवस्था

चर्चा में क्यों?

हाल ही में स्विट्ज़रलैंड की सरकार ने स्विस बैंकों में भारतीयों के वित्तीय खातों के विवरण की पहली सूची भारत को सौंप दी है।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि स्विट्ज़रलैंड के संघीय कर प्रशासन (Federal Tax Administration- FTA) ने भारत के साथ ही 75 अन्य देशों को भी 'सूचनाओं के स्वचालित विनिमय' (Automatic Exchange of Information- AEOI) कार्यक्रम के वैश्विक मानदंडों के अंतर्गत इन वित्तीय खातों की जानकारी प्रदान की है।
- भारत और स्विट्ज़रलैंड ने वर्ष 2016 में बैंक खातों संबंधी सूचना-साझाकरण समझौते पर हस्ताक्षर किये थे, इस समझौते का क्रियान्वयन वर्ष 2018 से होना था।
- इस कार्यक्रम के तहत उन वित्तीय खातों की जानकारी को साझा किये जाने का प्रावधान है जो वर्ष 2018 में बंद कर दिये गए हैं या अभी भी सक्रिय हैं।
- सूचनाओं का यह आदान प्रदान आर्थिक सहयोग और विकास संगठन स्वचालित विनिमय पोर्टल की सामान्य रिपोर्टिंग मानक (Common reporting standard- CRS) के तहत किया जा रहा है।
- इन नियमों से से भारतीयों के उन खातों के प्रकाश में आने की संभावना है जो अब तक स्विस बैंक की गोपनीयता के नियमों से शासित थे.

- सूचनाओं का स्वचालित विनिमय समूह कर चोरी की संभावनाओं को कम करता है . यह खाता धारकों के निवास स्थान में कर अधिकारियों के साथ अनिवासी वित्तीय खाता जानकारी को आदान-प्रदान करता है।
- आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) सूचनाओं के स्वचालित विनिमय' के क्रियान्वयन की समीक्षा करता है।
- वर्ष 2013 में गठित इस स्वैच्छिक कार्य समूह के वर्तमान में 82 सदस्य हैं ,इटली इस समूह का अध्यक्ष राष्ट्र है।

सामान्य रिपोर्टिंग मानक

OECD परिषद ने 'सामान्य रिपोर्टिंग मानक' (CRS) का अनुमोदन 15 जुलाई 2014 को किया था। CRS वित्तीय संस्थानों से खातों से सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करने के लिये अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करता है और वार्षिक आधार पर अन्य देशों के आधिकारिक निकायों के साथ स्वचालित रूप से उस सूचना का आदान-प्रदान करता है।

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)

- आर्थिक सहयोग और विकास संगठन की स्थापना वर्ष 1961 में विश्व व्यापार और वैश्विक आर्थिक उन्नति के लिये की गई थी। वर्तमान में OECD के सदस्य देशों की संख्या 36 है।
- OECD का मुख्यालय फ्रांस की राजधानी पेरिस में है। इसके महासचिव एंजेल गुरिया हैं।

स्रोत- द इंडियन एक्सप्रेस